## खबर संक्षेप



### बड़ौली ने स्वदेशी अपनाओं पर जोर दिया

**चंडीगढ़।** शनिवार को जींद में भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह ढुल की अध्यक्षता में आत्मनिर्भर भारत विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने स्वदेशी अपनाओ पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मोदी और नायब सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान भी किया।

### गाय के गोबर से बने धूप-दीप महकाएंगे आंगन

**चंडीगढ़।** सूरजकुंड परिसर में 7 अक्तूबर तक आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी मेला की थीम के साथ आयोजित किए जा रहे सूरजकुंड दिवाली मेला में स्वदेशी उत्पाद मेले की शोभा बढ़ा रहे हैं। इन्हीं स्वदेशी उत्पादों में से देशी गाय के गोबर से निर्मित धूप, दीप, और अगरबत्ती आदि सामान की स्टॉल पानीपत गांव निम्बरी लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाई गई है, जो कि अपनी खुशबू से घर आंगन को महकाएंगे। गांव की 10 महिलाओं के साथ वर्ष 2018 में स्वयं सहायता समूह बनाकर स्वलंबन और आत्मनिर्भर बनने की शुरुआत की थी।

### सूरजकुंड दिवाली मेला में कलाकारों ने मन मोहा

**चंडीगढ़।** सूरजकुंड दिवाली मेला केवल स्वदेशी उत्पादों और हस्तशिल्प तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत को भी जीवंत बना रहा है। मेला में लोक कलाकार पारंपरिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से आगंतुकों का मन मोह रहे हैं और उन्हें प्राचीन संस्कृति के गौरवशाली अतीत से भी जोड़ रहे हैं। कार्यक्रमों में नगाड़ा पार्टी, बीन पार्टी आदि की हरियाणवी लोक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को परम्परागत और उत्साहपूर्ण बना दिया है। दर्शक भी तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। इन्हीं कलाकारों में से रोहतक से आया महिला लोक कलाकारों का आरती समूह प्राचीन लोक गीतों से लोगों का ध्यान अपनी और आकर्षित कर रहा है।

### त्योहारों पर मिलावट खोरों पर कसेगा शिकंजा

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने स्पष्ट कहा है कि त्योहारी सीजन में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि नकली एवं मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए और दोषी पाए जाने पर उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि त्योहारों के अवसर पर दूध, दूध से बने उत्पादों तथा मिठाइयों की मांग में अचानक वृद्धि हो जाती है। ऐसे में कुछ असामाजिक तत्व बाज नहीं आते हैं। जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। इस पर अंकुश लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### टीचर से गैंगरेप करने के चार आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** साइबर सिटी गुरुग्राम के एक नामी स्कूल की टीचर से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर चार जिम ट्रेनर्स को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता टीचर इस स्कूल में विदेशी भाषा पढ़ाती है और सभी आरोपी जिम में बतौर ट्रेनर और जूंबा डांस की कोचिंग देते हैं। जानकारी अनुसार गुरुग्राम पुलिस के ईस्ट महिला पुलिस थाना में दी शिकायत में महिला टीचर ने बताया कि सितंबर में एक पार्टी में उसकी जिम ट्रेनर गौरव से दोस्ती हुई थी। दोनों ने एक-दूसरे की फोन पर बातचीत होने लगी। इसके बाद एक अक्तूबर की रात को करीब 1 बजे गौरव ने महिला टीचर को फोन किया था।

---

**मंथन : मुख्यमंत्री ने की ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा**

# पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से समय पर पूरा करें

**अधिकारी हर 15 दिन में कार्यों की समीक्षा करना सुनिश्चित करें**

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ धरातल पर हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए अधिकारी हर 15 दिन में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना भी सुनिश्चित करें।*

**मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत लाभार्थियों की रजिस्ट्री का कार्य करें पूर्ण**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से तय समय सीमा में पूरा किया जाए। साथ ही, जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ धरातल पर हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए अधिकारी हर 15 दिन में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना भी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यहां विकास एवं पंचायत विभाग और ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं को लेकर एडीसी, जिला परिषद के सीईओ, डीडीपीओ और पंचायती राज के कार्यकारी अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार भी उपस्थित रहे। नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि 500 वर्ग गज तक की शामलात भूमि पर अनाधिकृत रूप से निर्मित मकानों का नियमितीकरण करने के कार्यों मे तेजी लाने के लिए ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की बैठकों का आयोजन किया जाए। इसके अतिरिक्त, जिन जिलों के केस अप्रूव हो चुके है उनकी रजिस्ट्रीयां जल्द करवाई जाए।



चंडीगढ़। अतिरिक्त उपायुक्तों और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी साथ में है विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार। फोटो : हरिभूमि

### ड्रोन दीदी के लिए एसओपी की जाए तैयार

मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में महिला चौपाल और एससी/बीसी चौपाल की मरम्मत व जीर्णोद्धार के कार्यों को 2 महीने में पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि ड्रोन दीदी के लिए एसओपी तैयार की जाए। साथ ही लखपति दीदी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए समयबद्ध तरीके से योजना बनाई जाए। सड़कों की मरम्मत के कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरे करे। साथ ही सड़क पर सफेद पट्टियां समय पर लगे।

### स्वामित्व योजना की त्रुटियों को कैंप लगाकर ठीक करें

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए है कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत जिन लाभार्थियों को अधिकार पत्र दिए गए है लेकिन जिनकी रजिस्ट्री किसी कारणवश नहीं हुई उनकी रजिस्ट्री अगले एक महीने में करवाना सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि स्वामित्व योजना को लेकर अलग से कैम्प लगाकर त्रुटियों को ठीक किया जाए और स्वामित्व योजना के मानचित्र को ठीक कर इसकी रिपोर्ट एफसीआर को भेजना सुनिश्चित करे।

### राज्य वित्त आयोग की ग्रांट का समुचित उपयोग सुनिश्चित करें

पिछले 4 वर्षों में राज्य वित्त आयोग के तहत जिला परिषद को जारी अनुदान के उपयोग की स्थिति पर निर्देश दिए कि योजना बनाकर तय समय सीमा में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए और विकास कार्यों की राशि को शत प्रतिशत खर्च किया जाए। इसके अलावा, हर 2 महीने में पंचायत समितियों की बैठक आयोजित की जाए। विकास कार्यों व योजनाओं को लेकर अधिकारी एक-दूसरे विभाग के साथ करे समन्वय नायब सिंह सैनी ने कहा कि विभिन्न विकास कार्यों व योजनाओं को लेकर अधिकारी एक-दूसरे विभाग के साथ समन्वय कर कार्य करें।

### साझा बाजार खोलने के लिए जमीन को किया चिन्हित

सांझा बाजार योजना के तहत अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन जिलों में सांझा बाजार नहीं खुले है वहां पर बाजार खोलने को लेकर जमीन को चिन्हित किया जाए। सरकार का सांझा बाजार खोलने को लेकर हित 'लोकल फॉर वोकल' है ताकि स्थानीय कारीगरों को एक नई पहचान मिल सके। इसके अलावा, स्वयं सहायता समूह कैंटीनों को खोलने को लेकर समय सीमा तय की गई है। साथ ही प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना से जुड़ी परियोजनाओं के प्लान बनाकर दिये जाए और इसके तहत चल रहे विकास कार्यों को जल्द पूरा किया जाए।

---

**जापानी कंपनियों को प्रोत्साहित करेंगे**

# मुख्यमंत्री और अफसर आज रवाना होंगे जापान

***सीएम आठ अक्टूबर तक विदेश दौरे पर रहेंगे और अहम कांफ्रेंस करेंगे***


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल रविवार को जापान के दौरे पर रवाना होने जा रहा है। सैनी के मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनका पहला विदेश दौरा है और इस दौरे का मुख्य उद्देय हरियाणा में पहले से चल रही जापानी कंपनियों को विस्तार के लिए प्रोत्साहित करना तथा नए पूंजी निवेश को बढ़ावा देना है। वैसे, सीएम आठ अक्टूबर तक विदेश दौरे पर रहेंगे और अहम कांफ्रेंस आदि करने के बाद लौट जाएंगे। जबकि अफसर और मंत्री की बाद में वापसी होगी।। यहां पर बता दें कि मुख्यमंत्री का दौरा 11 अक्टूबर तक था लेकिन इसमें बदलाव कर इसे छोटा कर दिया है। कारण यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 अक्टूबर को हरियाणा के दौरे पर आ रहे हैं।1980 के बाद से ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में मारुति की स्थापना के बाद गुरुग्राम औद्योगिक विकास का एक प्रमुख केंद्र बन गया है।

### गुरुग्राम में 600 से अधिक जापानी कंपनियां सक्रिय

सिर्फ गुरुग्राम में 600 से अधिक जापानी कंपनियां सक्रिय हैं, जो राज्य में रोजगार और तकनीकी विकास का बड़ा स्रोत हैं। वर्ष 2020 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जापान दौरे के बाद इंडिया-जापान फास्ट ट्रैक मैकेनिज़म का गठन किया गया था।

## एसबीआई ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 1.55 करोड़ का दिया योगदान



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को आज भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष में 1.55 करोड़ रुपये का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवार भी उपस्थित रहे । यह राशि एसबीआई के कर्मचारियों द्वारा राज्य में चल रहे बाढ़ राहत कार्यों में सहयोग हेतु एक दिन के वेतन को एकत्र कर प्रदान की गई। एसबीआई मुख्य महाप्रबंधक कृष्ण शर्मा, महाप्रबंधक (हरियाणा) नीरज भारती और उप महाप्रबंधक काजल भौमिक द्वारा मुख्यमंत्री को राशि का चेक प्रदान किया गया।

---

**720025.68 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद**

# 543.66 करोड़ किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित

***राज्य में 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल' पर पंजीकृत 63356 किसानों से धान की खरीद की गई***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में खरीफ खरीद सीजन 2025 - 26 के दौरान किसानों के खातों में अब तक 543.66 करोड़ की अदायगी उनके बैंक खातों में सीधे स्थानांतरित की जा चुकी है। इस तरह सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान सुनिश्चित किया है। 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से धान की खरीद की जा रही है। राज्य में अब तक 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल' पर पंजीकृत 63356 किसानों से धान की खरीद की गई है।

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने आज यहाँ जानकारी देते हुए कहा कि अब तक राज्य भर की मंडियों में कुल 892943.07 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। विभिन्न जिलों की मंडियों से अब तक 310821.24 मीट्रिक टन धान का उठान हो चुका है। अब तक मंडियों से 720025.68 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। प्रवक्ता ने बताया कि खरीफ खरीद सीजन 2025 के दौरान 22 सितंबर से अब तक धान की सबसे अधिक खरीद खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से की गई है। विभाग ने अब तक 425680.39 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। वहीं हैफेड ने अब तक 209796.67 मीट्रिक धान की खरीद की है। जबकि हरियाणा राज्य भंडारण निगम द्वारा 84548.61 मीट्रिक धान की खरीद की गई है। मंडियों/खरीद केंद्रों में धान की खरीद खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग, हैफेड और हरियाणा राज्य भंडारण निगम द्वारा की जा रही है। प्रवक्ता ने बताया कि किसान भाइयों से अपील है कि वे अपनी फसल को मण्डी में अच्छी तरह सुखाकर एवं साफ करने के बाद भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों (जैसे कि नमी 17 प्रतिशत) की सीमा अनुसार लेकर आएं।

---

**अंबाला सेंट्रल जेलब्रेक मामला गंभीर**

# हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने डीजी जेल से रिपोर्ट तलब की

***अपराधी 28 सितम्बर को अंबाला केंद्रीय कारागार से फरार हो गए थे***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने समाचारों का संज्ञान लेकर अंबाला केंद्रीय कारागार में सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक को उजागर किया है। आरोप है कि विचाराधीन कैदी अजय कुमार, निवासी बिहार, जिस पर पंचकूला पुलिस द्वारा मार्च 2024 में दर्ज (पीओसीएसओ) पोक्सो मामले में अभियोग लगाया गया था। 28 सितम्बर को अंबाला केंद्रीय कारागार से फरार हो गया। यह घटना 18 फुट ऊंचे बिजली के खंभे पर चढ़कर और ऊपर से गुजर रही विद्युत तारों का उपयोग कर किया गया, जिसमें जेल परिसर के अंदर बिजली गुल होने ने मदद की। यह घटना पिछले दो माह में दूसरी बार हुई है। इसके ठीक पहले अगस्त 2025 में उत्तर प्रदेश निवासी विचाराधीन कैदी सुखबीर भी फरार हुआ था। इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि कैदियों की सुरक्षा और निगरानी बनाए रखने में बार-बार गंभीर असफलता हो रही है।

### खंभे और तारों की मदद से भागने की कोशिश

रिपोर्टों के अनुसार, अजय कुमार को जेल कारखाने में कार्य हेतु नियुक्त किया गया था और नियमित दोपहर की गिनती के दौरान वह गायब पाया गया। सीसीटीवी फुटेज से पुष्टि हुई है कि उक्त कैदी ने कारखाने के पास की दीवार पर चढ़कर बिजली के खंभे और तारों की मदद से भागने की कोशिश की। अंबाला जेल अधीक्षक सतविंदर गोदारा ने घटना की पुष्टि की है।

### जेल सुरक्षा प्रोटोकॉल की गंभीर विफलता

आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ललित बत्रा तथा दोनों सदस्यों कुलदीप जैन और दीप भाटिया को मिलाकर बने पूर्ण आयोग का मानना है कि यह जेल सुरक्षा प्रोटोकॉल की गंभीर विफलता को दर्शाता है। उपरोक्त घटनाएं जेल नियमावली का स्पष्ट उल्लंघन हैं, जो कैदियों की निगरानी, सुरक्षा और प्रबंधन से संबंधित है। नियमों के अनुसार, जेल सभी कैदियों की सुरक्षित सुनिश्चित हो।

---

**सुधारात्मक कदम देश को आत्मनिर्भर बनाएंगे**

# सीएम ने जीएसटी दरों में कमी का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का किया आग्रह

***आत्मनिर्भर भारत को गति देने के लिए स्वदेशी उत्पादों के उत्पादन और प्रचार को बढ़ावा दें व्यापारी***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के व्यापारियों से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार द्वारा कम की गई जीएसटी दरों का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की जनता को जीएसटी दरों में सुधार के माध्यम से बहुत बड़ा फायदा मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारियों की जिम्मेदारी बनती है कि वे जीएसटी बचत उत्सव को आम जनमानस तक पहुंचाने में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि करों में कटौती से न केवल व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि उपभोक्ता भी सस्ते दामों पर वस्तुओं व सेवाओं का लाभ उठा पाएंगे। सस्ते दाम, बढ़ता व्यापार और मजबूत अर्थव्यवस्था, यही जीएसटी उत्सव की मूल भावना है, जो हरियाणा को प्रगति के नए आयाम तक ले जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सुधारात्मक कदम आत्मनिर्भर भारत और मजबूत अर्थव्यवस्था की दिशा में ऐतिहासिक पहल है, जिसमें व्यापारी वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि हरियाणा के व्यापारी प्रधानमंत्री की भावना के अनुरूप उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू किए गए नए जीएसटी सुधारों से प्रदेश को बड़ा आर्थिक लाभ मिलेगा।

### जीएसटी संग्रहण में हरियाणा आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी संग्रहण में हरियाणा ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वर्ष 2018-19 में जहां राज्य का नेट एसजीएसटी संग्रह 18,910 करोड़ रुपये था, वहीं 2024-25 में यह आंकड़ा बढ़कर 39,743 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह उपलब्धि प्रदेश की मजबूत अर्थव्यवस्था और व्यापारियों के सहयोग की गवाही देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारी वर्ग की बदौलत ही हरियाणा लगातार जीएसटी संग्रहण में अग्रणी राज्य बना है।

### स्वदेशी उत्पादों के उत्पादनों को बढ़ावा दें व्यापारी

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ा रहे हैं और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर बल दे रहे हैं। जीएसटी में किए गए सुधार इस दृष्टि को साकार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने व्यापारियों का आह्वान किया कि व्यापारी वर्ग स्वदेशी उत्पादों का अधिक उत्पादन और प्रचार करें, ताकि उपभोक्ता स्थानीय वस्तुओं की खरीद को प्राथमिकता दें। इससे न केवल घरेलू उद्योग को मजबूती मिलेगी, बल्कि राज्य और देश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

---

**नियुक्ति** | **नेता प्रतिपक्ष को लेकर विधान सभा की ओर से जारी की गई अधिसूचना**

# कांग्रेस में हुड्डा का दबदबा कायम, संख्या बल में आगे रहने पर मिली बड़ी जिम्मेदारी


***हाई कमान के सर्वे में अधिकांश की पसंद हुड्डा रहे***

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

जिस तरह से पुरानी कहावत है-देर आये दुरुस्त आये उसी तरह से कांग्रेस हाईकमान ने कांग्रेस विधायक दल नेता को लेकर एक साल बाद फैसला ले लिया है। फैसले के साथ यह भी साफ हो गया है कि अभी भी कांग्रेस हाईकमान की नजरों में पूर्व मुख्यमंत्री और हरियाणा में नेता विपक्ष का दबदबा कायम है। वैसे, कांग्रेसी विधायकों में संख्या बल अपने पक्ष में रखने वाले हुड्डा ने धड़े बंदी और खींचतान के बावजूद भी हाईकमान को विश्वास में लेने में सफलता प्राप्त कर ली है।

भरोसेमंद उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि लंबे वक्त पहले ही हरियाणा में कांग्रेस के अधिकांश विधायक (इक्का दुक्का) को छोड़कर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को ही कांग्रेस विधायक दल का नेता बनाने के पक्ष में राय दी थी। दूसरी तरफ कांग्रेस के अन्य कद्दावर नेताओं में कुमारी सैलजा लोकसभा सांसद और रणदीप सिंह सुरजेवाला राज्यसभा में सांसद हैं। ऊपरी सदन में होने के कारण हरियाणा प्रदेश की सियासत को लेकर उनकी राय तो जरूर ली गई लेकिन अंतिम फैसला हुड्डा के हक में गया। इस तरह से हरियाणा की राजनीति एक बार फिर नेता विपक्ष भूपेंद्र हुड्डा के इर्द-गिर्द घूमती हुई नजर आएगी। दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हुड्डा विधानसभा में चौथी बार विपक्ष के नेता पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। कांग्रेस हाईकमान ने एक साल इंतजार के बाद उन्हें यह पद सौंपा है। अहम बात यह है कि इस बार विधानसभा सचिवालय ने शुक्रवार को आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी।

### विस इतिहास में पहली बार नोटिफिकेशन



सचिवालय विधानसभा की ओर से अब से पहले सरकार को केवल पत्र भेजकर सूचना दी जाती थी लेकिन इस बार 3 अक्टूबर को हरियाणा विधानसभा स्पीकर हरविंदर कल्याण के निर्देशों के बाद में विधानसभा में सचिव राजीव प्रसाद ने इस आशय की सूचना जारी की है। राजीव प्रसाद एचसीएस अधिकारी हैं, जो पिछले दिनों ही डेपुटेशन पर विस में भेजे गए हैं। 37 सदस्यों वाली कांग्रेस विधायक दल के हाल ही में पार्टी हाईकमान द्वारा नामित नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को वर्तमान 15वीं हरियाणा विस. सदन में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर 3 अक्टूबर 2025 की तारीख से मान्यता दी गई है।

### नेता विपक्ष को कैबिनेट मंत्री की सुविधाएं

सूबे में नेता विपक्ष को कैबिनेट मंत्री जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। यह पद केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि वैधानिक है। 1975 के विधानसभा (सदस्यों का वेतन, भत्ते और पेंशन) अधिनियम की धारा 2 (डी) और 4 में इस पद की परिभाषा और विशेषाधिकार साफ-साफ दर्ज हैं। विपक्ष के नेता को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलता है। राजधानी चंडीगढ़ सेक्टर-7 में 70 नंबर कोठी आवास के रूप में बनी रहेगी। विधानसभा परिसर में अलग कार्यालय, स्टाफ और सरकारी वाहन उपलब्ध होंगे।

### चौथी बार इस पद पर आसीन हुए

2025 में चौथी बार इस पद पर आसीन हुए हैं। हुड्डा इतिहास में सबसे लंबे समय तक और सबसे अधिक बार विपक्ष का नेता रहने वाले नेताओं में शामिल हो गए हैं। सियासत में लंबे समय से दो बड़े चेहरों-भूपेंद्र सिंह हुड्डा और ओम प्रकाश चौटाला के इर्द-गिर्द घूमती रही है। चौटाला दो बार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे, जबकि अब हुड्डा यह रिकॉर्ड चार बार तक पहुंचा चुके हैं।

### 17 अक्टूबर को सरकार का हुआ था गठन

17 अक्टूबर को हरियाणा में सरकार का गठन हुआ था। तब से अब तक तीन विधानसभा सत्र बिना किसी विपक्ष के नेता के ही बीत गए। यह बात अलग थी कि कांग्रेस के भीतर खींचतान और इंतजार के बावजूद भाजपा की ओर से भी सदन में हुड्डा को ही तरजीह व नेता विपक्ष मानकर काम किया जा रहा था। बल्कि इस पर सीएम हरियाणा नायब सिंह सैनी बार बार चुटकी भी ले रहे हैं। हुड्डा अब विधायक दल का नेता चुने जा चुके हैं।बीती 30 सितंबर को कांग्रेस के सात विधायक स्पीकर हरविंद्र कल्याण से मिले और पार्टी अध्यक्ष राव नरेंद्र द्वारा लिखी गई चिट्ठी सौंपी।

**दी फतेहाबाद को ऑपरेटिव मार्केटिंग कम प्रोसेसिंग सोसाइटी लि.**

दुकान नं. 45, अनाज मंडी, फतेहाबाद । मो. 9315192903

**टेंडर की शर्तें**

आप सभी लेबर ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि दी फतेहाबाद को ऑपरेटिव मार्केटिंग कम प्रोसेसिंग सोसाइटी लि., दुकान नं. 45, अनाज मंडी, फतेहाबाद से फतेहाबाद ब्लॉक व रतिया से रतिया ब्लॉक का मिड-डे मिल व आंगनवाड़ी का राशन आबंटित करवाने का कार्य करने हेतु लेबर तथा ट्रांसपोर्टेशन सहित एक ही टेंडर किया जाना है। जिसमें आर ओ उठान, गोदाम अनलोडिंग, सप्लाई के लिए साधन लोडिंग, निश्चित स्थान पर अनलोडिंग व इत्यादि कार्य शामिल है। अतः इच्छुक ठेकेदार अपनी निविदाएं दिनांक 16/10/2025 दोपहर 12:30 बजे तक समिति कार्यालय में जमा करवाए । प्रबंधक कमेटी द्वारा दिनांक 16/10/2025 दोपहर 02:00 बजे समिति कार्यालय में सबसे कम रेट (प्रति क्विंटल) वाले ठेकेदार को यह ठेका दे दिया जाएगा ।

**ठेकेदार को ठेका निम्न शर्तों पर दिया जाएगा :**

1. लेबर ठेकेदार को लेबर तथा ट्रांसपोर्टेशन के काम के अनुभव एवं अन्य आंकलन के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी
2. ठेका छूटते ही 1,00,000 (एक लाख) रुपये बतौर अमानत राशि जमा करवानी होगी जिसका कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा
3. प्रत्येक ठेकेदार को 2,000 (दो हजार) रुपये फार्म फीस के रूप में देने होंगे जो कि रिफंडेबल नहीं है।
4. इस टेंडर की अवधि 16/10/2025 से अगला ठेका छूटने तक की रहेगी।
5. ठेकेदार को आधार कार्ड व बैंक पास बुक की फोटोकॉपी तथा स्वयं की फोटो मोके पर जमा करवानी होगी।
6. ठेकेदार को लेबर तथा ट्रांसपोर्टेशन का कार्य पूरी ईमानदारी के साथ करना होगा तथा किसी भी प्रकार लापरवाही की वजह से किसी किस्म का नुकसान होता है तो वह ठेकेदार वहन करेगा।
7. अगर ठेकेदार समय पर लेबर तथा ट्रांसपोर्टेशन हेतु साधन उपलब्ध नहीं करवाएगा तो ठेकेदार की क्षतिपूर्ति पर कार्य अन्य लेबर से करवा लिया जाएगा।
8. सब कमेटी को टेंडर फार्म में कमी पाए जाने, शर्ते पूरी न होने की सूरत में टेंडर को रद्द करने व स्वीकार करने का पूरा अधिकार होगा ।

-प्रबंधक,
दी फतेहाबाद को ऑपरेटिव मार्केटिंग कम प्रोसेसिंग सोसाइटी लि., फतेहाबाद

रोहतक
रविवार, 5 अक्टूबर, 2025
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 246
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.6
न्यून. 22.2

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



05 घरेलू मैदान पर शुभमन की बतौर कप्तान पहली जीत,जडेजा बने 'प्लेयर ऑफ द मैच'




## दीपावली मेले में हरियाणा की समृद्ध संस्कृति और विरासत की झलक...



**लोक कलाकार जन-जन तक पहुंचा रहे स्वदेशी**

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड में चल रहे दीपावली मेले में हरियाणवी संस्कृति और विरासत की झलक देखने को मिल रही है। लोक कलाकार जन-जन तक अपनी विरासत को पहुंचा रहे हैं। साथ ही मेले में स्वदेशी उत्पादों ने भी धूम मचा रही है। गाय के गोबर से बने सामान आकर्षण का केंद्र हैं।

### नायब सरकार का एक साल पूरा होने पर मुख्यातिथि होंगे पीएम

*सीएम की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में चर्चा*

# 17 को सोनीपत आएंगे पीएम मोदी कई परियोजनाओं की देंगे सौगात

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** सूबे के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की अनौपचारिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों, विकास कार्यों, और विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में हरियाणा सरकार के गठन के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर 17 अक्टूबर को सोनीपत में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर विशेष चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोनीपत में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे और इस अवसर पर प्रदेशवासियों को करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम वर्तमान सरकार की उपलब्धियों और विकास पहलों सहित जनता के समर्थन को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।



*दौरे से पहले तय होगा पूरा कार्यक्रम*

### सरकार की उपलब्धियां बताएंगे

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गत वर्ष अक्टूबर में हरियाणा की जनता ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार को लगातार तीसरी बार मजबूत जनादेश से चुना था। अब जब सरकार का एक वर्ष पूरा हो रहा है, इस उपलब्धि को विशेष रूप से मनाने के लिए सोनीपत में 17 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा प्रदेश की जनता के लिए विकास की नई योजनाओं और परियोजनाओं की सौगात दी जाएगी।

## मुख्यमंत्री सैनी ने लॉन्च किया म्हारी सड़क मोबाइल एप

**हरपथ से चमकेगा पथ**



खराब सड़कें जलभराव और अन्य समस्याओं की कर सकेंगे शिकायत

# सड़कों पर गड्ढों की अब ऑनलाइन करें शिकायत

*पारदर्शिता और जनभागीदारी की दिशा में प्रदेश सरकार का बड़ा कदम*

### क्या है योजना

योजना के तहत कोई भी नागरिक खराब सड़क की फोटो खींचकर फोन के जरिए अपलोड कर सकता है। शिकायत के बाद स्थिति को ट्रैक भी कर सकते हैं, खराब सड़कों के अलावा अन्य समस्याओं की भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। तुरंत कार्रवाई होगी।

### यह है उद्देश्य

एप से सड़कों की स्थिति की जानकारी सीधे सरकार तक पहुंचेगी। संबंधित विभाग तत्काल सूचना मिलते ही सड़कों की मरम्मत का कार्य करेंगे। शिकायत की समयसीमा निर्धारित होगी। जवाबदेही भी तय होगी। ग्रामीणों और शहरी क्षेत्रों में मजबूत आधारभूत ढांचा तैयार होगा।

### ऐसे करें शिकायत

ऐप सड़कों से जुड़ी समस्याओं को जीपीएस के जरिए जियो-टैग करता है। शिकायत दर्ज होने पर यह स्वचालित रूप से संबंधित निरीक्षण एजेंसियों को भेजी जाती है, जैसे लोक निर्माण विभाग। फील्ड में तैनात अधिकारी ऐप पर सड़कों से जुड़े अपडेट साझा करते हैं।

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में अब खराब सड़कों की ऑनलाइन शिकायत की जा सकेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'म्हारी सड़क मोबाइल एप' (हरपथ) की पंचकूला से लॉन्चिंग की है। सीएम सैनी ने इस दौरान बताया कि राज्य की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए इस एप्लिकेशन का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर हरियाणा के लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर गंगवा, हरियाणा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञानचंद गुप्ता भी मौजूद रहे। इस ऐप के जरिए हरियाणा के लोग खराब सड़कों से जुड़ी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं, जिसमें गड्ढे, खराब सड़कें या अन्य समस्याएं शामिल हैं। यह ऐप नागरिकों को सड़कों की तस्वीरें और अपनी लोकेशन (जीपीएस के जरिए) अपलोड करने की सुविधा देगा। शिकायत दर्ज होने के बाद नागरिक उसकी स्थिति को भी ट्रैक कर सकते हैं। यह सरकार की नागरिक प्रतिक्रिया प्रणाली का हिस्सा है, जिससे नागरिक सीधे तौर पर सड़कों की समस्याओं से सरकार को अवगत करा सकते हैं।

- जीपीएस के जरिए फोटो अपलोड करने की मिलेगी सुविधा



### सड़कें विकास का मार्ग करती है प्रशस्त : नायब सैनी

पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ऐप नागरिक और सरकार के बीच सेतु का काम करेगा। सरकार का लक्ष्य प्रदेश में बेहतर सड़कों का जाल बिछाकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को मजबूत आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सड़कें विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं और इस दिशा में हरियाणा सरकार दृढ़ संकल्पित है।

### सीधी नजर

- योजना से सड़कों की सीधी जानकारी मिल सकेगी
- अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी जल्द होगा समाधान
- हाईवे पर आवागमन तेज होगा, परिवहन को मिलेगी गति
- तय समय में ही समस्याओं का समाधान होगा

### 'प्रादेशिक सड़क उत्थान परियोजना'

नायब सिंह सैनी ने कहा कि गत 21 सितम्बर को हिसार में 'प्रादेशिक सड़क उत्थान परियोजना' का शुभारंभ किया था। यह परियोजना आने वाले वर्षों में 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी। इस परियोजना के तहत चालू वित्त वर्ष में 4,827 करोड़ रुपये की लागत से 9,410 किलोमीटर लंबी 4,227 सड़कों की मरम्मत एवं उत्थान का काम किया जाएगा।

### प्रॉपर्टी खरीदने का बदला सिस्टम



**चंडीगढ़।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने ई-नीलामी के तरीके में बड़ा बदलाव किया है। इन बदलावों का मकसद है कि मकान, दुकान, संस्थान और अलग-अलग कॉमर्शियल प्रॉपर्टी बांटने में पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी बनी रहे। अब जो लोग नियम तोड़ेंगे, उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे और जिन भूखंडों को कैंसिल किया जाएगा, उनकी जल्दी से दोबारा नीलामी होगी। नए नियमों के हिसाब से, अगर कोई भूखंड नियम तोड़ने की वजह से कैंसिल होता है, तो उसे 60 दिन के अंदर दोबारा नीलाम करना जरूरी होगा। अगर नई बोली पुरानी बोली से कम भी हो, तो भी प्रॉपर्टी उस को दी जाएगी जिसने सबसे ज्यादा बोली लगाई। लेकिन, पुराने आवंटी की पूरी बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी। इसके अलावा कॉम्प्लेक्स और मॉल खरीदने वालों को भी भुगतान में विकल्प दिए गए है।

## खबर संक्षेप

### अब टोल पर यूपीआई पर नहीं लगेगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** सरकार ने टोल टैक्स पेमेंट को लेकर नया नियम पेश किया है, जो 15 नवंबर से लागू होगा। इसके तहत टोल पर यूपीआई पर अब कोई जुर्माना नहीं लगेगा। सरकार ने डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने और टोल प्लाजा पर कैश पेमेंट को कम करने के लिए यह नियम पेश किया है। नेशनल हाईवे पर नॉन-फास्टैग वाले किसी भी वाहनों के एंट्री पर उसके पेमेंट के आधार पर अलग-अलग तरह का चार्ज वसूला जाएगा। कैश पेमेंट पर दोगुना भुगतान करना होगा। *एजेंसी*




### प्रत्यर्पण से बचने को नीरव ने ली कोर्ट की शरण

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक से धोखाधड़ी का आरोपी भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने कहा है कि अगर उसे भारत भेजा गया तो जांच एजेंसियां पूछताछ के दौरान टॉर्चर करेंगी। इसको लेकर उसने लंदन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट में प्रत्यर्पण केस पर फिर से सुनवाई की मांग की है, जो 23 नवंबर को हो सकती है। एक अधिकारी ने कहा कि हमने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। अभी उससे पूछताछ की जरूरत नहीं है। हमारी जांच लगभग पूरी हो चुकी है। उसे सिर्फ मुकदमे का सामना करना है। *एजेंसी*



### 50 घायल, 5 की हालत गंभीर

## डिवाइडर तोड़ बस से टकराया बेकाबू ट्रक

**झज्जर।** गांव दादरी तोए के नजदीक फ्लिपकार्ट कंपनी के कर्मचारियों से भरी बस की एक ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी, जो बेकाबू होकर दूसरी ओर से डिवाइडर को पार करते हुए बस से सीधे जा टकराया। टक्कर लगते ही बस सड़क किनारे पलट गई। आगे की तरफ बैठे कर्मचारी फ्रंट शीशा टूटने पर बाहर की तरफ गिर पड़े। बस में 50 कर्मचारी सवार थे, जो सभी घायल हो गए। इनमें महिला कर्मचारी भी शामिल है। घायलों को खिड़कियां तोड़कर निकाला गया। घायल को सिविल अस्पताल भिजवाया।



फ्लिपकार्ट कंपनी की बस, खिड़की तोड़कर बाहर निकाला

### यूपीएससी ने किया बदलाव

## प्रारंभिक परीक्षा के 'तुरंत' बाद जारी होगी उत्तर कुंजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सुप्रीम कोर्ट को सिविल सेवा परीक्षा प्रक्रिया में बड़े बदलाव की जानकारी दी है। आयोग ने बताया है कि अब सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की उत्तर कुंजी परीक्षा के तुरंत बाद जारी की जाएगी। इसके साथ ही उम्मीदवारों को ऑब्जेक्शन दर्ज करने का मौका भी दिया जाएगा। यह जानकारी आयोग द्वारा दायर एक हलफनामे में दी गई, जो पारदर्शिता बढ़ाने की मांग वाली एक याचिका के जवाब में दाखिल किया गया था। पहले वह उत्तर कुंजी, अंक और कट-ऑफ केवल पूरी परीक्षा प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही जारी करता था।




आपत्ति दर्ज करने का भी मिलेगा मौका

### 27 दिन में 11 बच्चों की मौत

## केरल में भी कोल्ड्रिफ कफ सिरप पर बैन

**नई दिल्ली।** कोल्ड्रिफ कफ सिरप तमिलनाडु के बाद मध्य प्रदेश और केरल ने भी बैन कर दिया है। सिरप से मध्यप्रदेश में 27 दिन में 11 बच्चों की मौत हो चुकी है। इन सभी की उम्र एक से 5 साल के बीच है। कोल्ड्रिफ दवा की मैन्युफैक्चरिंग तमिलनाडु के कांचीपुरम में हो रही थी। राजस्थान में डेक्स्ट्रोमेथोरपन हाइड्रो ब्रोमाइड कफ सिरप से आज तीसरे बच्चे की जान चली गई। चूरू के 6 साल के बच्चे को तबीयत बिगड़ने पर जयपुर रेफर किया था। जहां जेके लोन अस्पताल में उसकी मौत हो गई। इस मामले में कई राज्यों में छापेमार कार्रवाई जारी है।



मध्यप्रदेश, केरल समेत कई राज्यों में मारे छापे

### सिनेमा को समर्पित एक आत्मा संध्या शांताराम का गमन

# 'अरे जा हट नटखट' से दिलों में बसने वाली संध्या अब यादों में रहेंगी

*गायकी से सफर शुरू किया, अभिनय और नृत्य ने बना डाला था लीजेंड*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड और मराठी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री संध्या शांताराम का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने शनिवार को अंतिम सांस ली, और मुंबई के शिवाजी पार्क स्थित बैकुंठ धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। संध्या अपने शानदार अभिनय और नृत्य कौशल के लिए जानी जाती थीं।

'अरे जा हट नटखट, 'झनक झनक पायल बाजे', 'दो आंखें बारह हाथ', 'नवरंग' और 'पिंजरा' जैसी क्लासिक फिल्मों में उनके अभिनय को सिनेप्रेमी आज भी याद करते हैं। वी. शांताराम के निर्देशन में बनी इन फिल्मों ने उन्हें हिंदी और मराठी सिनेमा की अमर अदाकाराओं में शामिल कर दिया।

### और विजया का नाम संध्या हो गया



उनका असली नाम था विजया देशमुख। वे महाराष्ट्र के एक साधारण परिवार से थीं। उनकी आवाज़ बहुत मधुर थी और उन्हें गायन में खास रुचि थी। साल 1951 में मशहूर फिल्मकार वी. शांताराम अपनी फिल्म 'अमर भूपाली' के लिए नई प्रतिभाओं की तलाश कर रहे थे। उसी दौरान उनकी मुलाकात विजया (बाद में संध्या) से हुई। शांताराम उनकी आवाज़ और नैसर्गिक अभिनय से बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने विजया को फिल्म में एक गायिका के किरदार में कास्ट किया और यहीं से उनका नाम संध्या रखा गया।

### अभिनय से नृत्य तक पहचान

*संध्या ने फिल्मों में भरतनाट्यम और कथक जैसे शास्त्रीय नृत्यों को लोकप्रिय बनाया। उनके भावों की अभिव्यक्ति और स्क्रीन प्रेजेंस ने उन्हें 50-60 के दशक की सबसे गरिमामयी अभिनेत्रियों में शामिल किया। वी. शांताराम ने अपनी दूसरी पत्नी जयश्री से अलग होने के बाद संध्या से विवाह किया। दोनों ने साथ में कई यादगार फिल्में बनाईं।*



## खबर संक्षेप

### अमृता विवि के शोधार्थी को विशिष्ट सम्मान

**गुरुग्राम।** स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा जारी 2025 की सूची में अमृता विश्वविद्यालय के 37 संकाय सदस्यों को विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल किया गया है। यह लगातार छठा वर्ष है जब अमृता के शोधकर्ताओं को यह विशिष्ट सम्मान प्राप्त हुआ है। अमृता विश्व विद्यापीठम के कुलपति डॉ. पी. वेंकट रंगन ने कहा कि हर संख्या के पीछे वर्षों की मेहनत, खोज और समर्पण की कहानी है। हमारे 36 संकायों को स्टैनफोर्ड की इस वैश्विक सूची में स्थान मिलना न सिर्फ उनके व्यक्तिगत उत्कृष्टता का परिचायक है।

### यमुना में डूबे चाचा और भतीजे का शव बरामद

**गुरुग्राम।** पल्ला थाना क्षेत्र के अंतर्गत इस्माइलपुर पुस्ता के पास मां दुर्गा की मूर्ति के विसर्जन के दौरान यमुना नदी के बहाव में चाचा-भतीजा के शव बरामद कर लिए। मृतकों में अजय नगर पार्ट दो निवासी आकाश और संगम विहार एफ -दो दिल्ली निवासी उसका चाचा शिव नारायण हैं। पुलिस को घटना की सूचना व शिकायत शिव दुर्गा विहार लकड़पुर निवासी राजेंद्र ने दी थी। शिव नारायण और आकाश बृहस्पतिवार को परिवार दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन करने इस्माइलपुर गए थे।

### धूं-धूं जली सेंट्रो कार आग में झुलसा ड्राइवर

**फरीदाबाद।** सेक्टर 85 में शनिवार दोपहर करीब 1.30 बजे एक कार में आग लगने की घटना सामने आई। सेंट्रो कार में सीएनजी लीक होने के कारण उसमें अचानक आग लग गई। इस हादसे में कार ड्राइवर झुलस गया, जिसे तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शी महेश ने बताया कि कार चालक पास की सोसाइटी से कार में सीएनजी भरवाकर लौट रहा था। रास्ते में गैस रिसाव की गंध आई। चालक ने सावधानी बरतते हुए कार को सेक्टर 85 रोड पर एक मैकेनिक को दिखाया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खेड़ी दमकन-सिकन्दरपुर माजरा रोड पर मुठभेड़, तीन पकड़े, दो को लगी गोली

# 5 करोड़ की फिरौती मांगने वाले बदमाशों का एनकाउंटर

**व्यापारी के अपहरण और फिरौती की वारदात में शामिल थे निजामपुर के कपिल व दीपक, डेरा बस्सी के मोहम्मद साहिल**

गोहाना के उद्यमी नीटू दांगी का जींद रोड फैक्ट्री में जाते समय दो कारों में आए बदमाशों ने किया था अपहरण, खेत में बंधक बना मांगी थी 5 करोड़ की फिरौती




**सोनीपत।** मुठभेड़ के बाद पकड़े गए बदमाशों को अस्पताल ले जाते हुए और बदमाशों द्वारा प्रयोग की गई रिवाल्वर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत/गोहाना

सोनीपत पुलिस एवं एसटीएफ सोनीपत की संयुक्त टीमों ने व्यापारी के अपहरण और फिरौती की घटना में संलिप्त तीन बदमाशों को मुठभेड़ के बाद काबू किया है। मुठभेड़ में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए खानपुर कलां में राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। तीसरे बदमाश को पुलिस ने मौके पर गिरफ्तार कर लिया।

एसटीएफ सोनीपत की टीम में प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह एवं सीआइए गोहाना टीम प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि अपहरण और फिरौती के प्रकरण में वांछित आरोपित गांव निजामपुर निवासी कपिल व दीपक तथा पंजाब के डेरा बस्सी निवासी मोहम्मद साहिल अवैध असले के साथ किसी वारदात की फिराक में खेड़ी दमकन से सिकन्दरपुर माजरा मार्ग पर हैं। पुलिस टीमों ने घेराबंदी की तो आरोपितों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से दो आरोपित गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने मौके से एक जिंदा कारतूस, अवैध हथियार एवं वाहन बरामद किया। घायलों की पहचान कपिल और दीपक के रूप में हुई है। पुलिस ने तीसरे आरोपी मोहम्मद साहिल को भी मौके से दबोच लिया। पुलिस द्वारा थाना सदर गोहाना में मामला दर्ज किया गया। आरोपित कपिल व दीपक पर बरोदा पुलिस थाने में पांच-पांच हजार ईनाम बदमाश हैं।

### 16 सितंबर को वारदात

16 सितंबर को गोहाना के उद्योगपति नीटू दांगी का जींद रोड स्थित अपने कारखाने में जाते समय अपहरण हो गया था। रास्ते में दो गाड़ियों में आए आरोपितों ने उनका अपहरण कर लिया था और खेतों में बने एक कमरे में बंधक बनाकर परिवार से पांच करोड़ की फिरौती मांगी थी। बाद में सौदा 50 लाख रुपये में तय हुआ था। इस दौरान आरोपित उद्योगपति की कार से एक लाख रुपये निकालकर उन्हें छोड़कर फरार हो गए थे।

### एसयूवी में थे सवार, नाके पर भिड़े

पुलिस ने शनिवार तड़के खरखौदा रोड पर गांव सिकंदरपुर माजरा के पास नाका लगा दिया। इसी दौरान पुलिस को मिली सूचना के अनुसार एसयूवी गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस ने गाड़ी को रोकने का प्रयास किया तो उसमें सवार आरोपी वापस भागने लगे। खेड़ी दमकन की तरफ से सीआईए गोहाना की टीम आ गई। इस पर आरोपितों ने गाड़ी को कच्चे रास्ते पर मोड़ दिया। आगे जाकर गाड़ी धान के खेत में फंस गए। जिस पर गाड़ी से तीन युवक उतर कर भागने लगे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो आरोपितों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने हवाई कर रुकने को कहा। उसके बाद भी वह नहीं रुके तो जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो युवकों के पैरों में गोली लगी। वहां से दोनों घायलों सहित तीन को काबू कर लिया गया।

### कपिल पर 14, दीपक और साहिल पर दो-दो केस

गिरफ्तार आरोपी कपिल पर 14 मुकदमे दर्ज हैं। उद्योगपति के अपहरण व पुलिस पर जानलेवा हमला करने से पहले उस पर वर्ष 2005 में जींद में अवैध शस्त्र अधिनियम, दिल्ली के कंझावला में लूट, वर्ष 2008 में बरोदा में हत्या, वर्ष 2009 में बरोदा में हत्या की कोशिश के दो मुकदमे, बरोदा में हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ। बरोदा में ही सरकारी काम में बाधा डालने व हत्या की कोशिश, वर्ष 2010 में हत्या व षड्यंत्र, वर्ष 2015 में शहर गोहाना में सरकारी में बाधा, हत्या की कोशिश, वर्ष 2021 में हांसी के नारनौंद में दहेज प्रताड़ना, 2022 में सिविल लाइन सोनीपत में हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज हुआ। दीपक व मोहम्मद साहिल पर अपहरण व फिरौती मांगने और पुलिस पर जानलेवा हमला करने के दो मुकदमे दर्ज हैं।

# सुपवा में लगेगा हरियाणवी कलाकारों का महाकुंभ

**हाइफ़ा का चतुर्थ पारितोषिक वितरण एवं वार्षिक समारोह का आयोजन 7 अक्टूबर को होगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

डीएलसी सुपवा के सभाागार में सात अक्टूबर को हरियाणवी कलाकारों का महाकुंभ लगेगा। हरियाणवी इनोवेटिव फ़िल्म एसोसिएशन (हाइफ़ा) के अध्यक्ष जनार्दन शर्मा ने बताया कि एसोसिएशन का चतुर्थ पारितोषिक वितरण एवं वार्षिक समारोह सुपवा में होगा। समारोह के प्रातःकालीन सत्र में मुख्य अतिथि सुपवा के वीसी डा. अमित आर्य, जबकि संध्याकालीन सत्र में एमडीयू के वीसी राजबीर सिंह मुख्यातिथि होंगे। हाइफा के वाइस प्रेसीडेंट एवं बालीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा ने बताया कि समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं, एसोसिएशन द्वारा 2024 में बनी शार्ट फिल्म, डाक्यूमेंट्री, वीडियो गीत, कहानी लेखन और रील मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। जनरल सेक्रेटरी रामपाल बल्हारा के अनुसार इस बार दो लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड के अलावा भी अन्य दो अवार्ड "हाइफ़ा गौरव सम्मान" की शुरुआत कर रहा है। इसमें हरियाणवी विरासत और लोक रंगमंच के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए भी दिए अवार्ड दिए जाएंगे।

### सभी कलाकारों को एक मंच पर लाना ही लक्ष्य

उल्लेखनीय है कि हाइफा हरियाणवी सिनेमा, हरियाणवी बोली के उत्थान में लगे कलाकारों का एक ऐसा व्यापक मंच है जहां समस्त हरियाणा के कलाकार एक ही छत के नीचे एकत्र होते हैं। एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य बेहतरीन रचनात्मक कार्यों की अनुशंसा एवं प्रोत्साहन के साथ-साथ सभी कलाकारों को एक मंच पर लाना है। हाइफ़ा सदा से रचनात्मक उत्कृष्टता का सम्मान करने और हरियाणवी कला व संस्कृति के ध्वजवाहकों को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

### क्रिकेट कोच पर लाठी-डंडों से हमला

**फरीदाबाद।** झारखंड के अंडर.19 खिलाड़ी और क्रिकेट कोच पर पड़ोस में रहने वाले युवकों ने घर के सामने हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन ने पर्वतीय कॉलोनी पुलिस चौकी में चार युवकों के खिलाफ मामले की शिकायत दी है। बताया जा रहा है कि कोच की गलती सिर्फ इतनी थी कि उन्होंने गली के नुक्कड़ पर रास्ता रोककर खड़े युवकों को साइड होने के लिए कहा था।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Meenu**
Civil Judge (Senior Division),
**Ambika widow of Jaipal Singh**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRJR02-001189-2025
Next Date : 10.11.2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
**India**
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **10.11.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
**Sd/- Meenu, Civil Judge (Senior Division), Jhajjar**
Dated, this day of 03.10.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Jitesh Kumar Sharma**
Civil Judge (Junior Division),
**1. Rattan Singh S/o Ram Chander**
**Vs.**
**2. Shaifali Dass Wd/o Ramesh and D/o Priya Lal Dass**
CNR No. HRJR02-001613-2024
Next Date : 17.10.2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**2. Shaifali Dass Wd/o Ramesh and D/o Priya Lal Dass**
**:-**
**Village Gurawar, Tehsil and District Jhajjar and at present Villlage Baider Khil P.O. Dimatali District South Tripura**
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **17.10.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
**Sd/- Sh. Jitesh Kumar Sharma**
**Civil Judge (Junior Division), Jhajjar**
Dated, this day of 04.10.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Jitesh Kumar Sharma**
Civil Judge (Junior Division),
**State Bank Of India through its Branch Manager and Principal Officer Ravikant**
**Vs.**
**Divya W/o Jaibhagwan**
CNR No. HRJR02-000826-2024
Next Date : 04.11.2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Divya W/o Jaibhagwan**
**:-**
**R/o Village Gudiani Tehsil Kosli District Rewari**
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **04.11.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
**Sd/- Sh. Jitesh Kumar Sharma**
**Civil Judge (Junior Division), Jhajjar**
Dated, this day of 03.10.2025

## सोनीपत, हिसार और कुरुक्षेत्र में हत्या की घटनाओं से हड़कंप, पुलिस मामले की जांच जुटी

### पिहोवा में बाइक सवार की चाकू घोंपकर हत्या, नेशनल हाईवे-152 किया जाम



**हमले में मृतक की आतें और लीवर बाहर निकल आए**

*पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया*

पिहोवा (हरिभूमि न्यूज)। शुक्रवार देर रात पिहोवा क्षेत्र में उस समय दहशत का माहौल बन गया, जब अज्ञात बाइक सवार युवकों ने एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। इस हमले में उसकी आतें और लीवर बाहर आ गए। मर्डर के बाद आरोपी बाइक पर फरार हो गए। घटना में मृतक की पहचान गांव मलिकपुर निवासी 32 वर्षीय रूमल के रूप में हुई है। मृतक रूमल अपने साथी राम विश्वास के साथ बाइक पर सवार होकर मोटर मार्किट में खाना लेने गया था। खाना लेने के बाद दोनों जैसे ही अंबाला रोड संधु फार्म के पास पहुंचे, तभी पिहोवा की ओर से आ रही एक बाइक पर सवार 4 युवकों ने उनकी बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया। अचानक उनमें से दो युवक बाइक से उतरे, जिनमें से एक के हाथ में चाकू था। हमलावरों ने रूमल पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। शोर सुनते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्रित होने लगे, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल रूमल को तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मृतक के भतीजे सौरव की शिकायत पर पुलिस ने 4 अज्ञात बाइक सवार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर परिजन भड़के और दोपहर में नेशनल हाईवे 152 पर जाम लगा दिया। पुलिस ने लोगों को समझा कर जाम खुलवाया। थाना पिहोवा सदर के कार्यकारी एसएचओ हंसराज ने बताया कि देर रात ही सूचना पर पुलिस टीम अस्पताल पहुंची थी।

**मर्डर के बाद आरोपी बाइक पर फरार हो गए**

### कारिंदे पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतारा

**हिसार।** पुरानी सब्जी मंडी पुल के पास दुकान में घुसकर दिनदहाड़े एक कारिंदे पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला करके हत्या कर दी गई। हत्या की पूरी वारदात दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। हमलावरों ने कारिंदे पर डेढ़ दर्जन से अधिक चाकू से वार किए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। हत्या के बाद बाइक सवार हमलावर मौके से फरार हो गए। शुरुआती जांच में सामने आ रहा है कि हत्या की वारदात को दो युवकों ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया है। घटना से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। देर शाम पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपित नाबालिग है।



**पुरानी सब्जी मंडी ओवरब्रिज के पास दिनदहाड़े दुकान में घुसकर वारदात को दिया अंजाम**

### छात्र गुटों के झगड़े में रोहतक के छात्र की चाकू से गोदकर ली जान

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सारंग रोड पर शनिवार को छात्र गुटों के झगड़े के दौरान एक कोचिंग छात्र की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। यह वारदात सारंग रोड स्थित पार्क के पास हुई। मृतक की पहचान रोहतक जिले के गांव रिठाल निवासी 18 वर्षीय मनदीप के रूप में हुई है। वह तीन बहनों का इकलौता भाई था और पिछले चार साल से शहजादपुर गांव में विवाहित बहन के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। मंदीप सुभाष चौक स्थित एक कोचिंग सेंटर में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था। पिछले कुछ दिनों से छात्रों के दो गुटों में आपसी रंजिश चल रही थी। शनिवार दोपहर यह विवाद बढ़ गया और दोनों गुट सारंग रोड पर आमने-सामने आ गए। करीब आधे घंटे तक दोनों पक्षों में कहासुनी होती रही। इसी दौरान एक गुट के युवक ने अचानक मंदीप पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल मंदीप खुद को बचाने के लिए कुछ दूर तक सड़क पर भागा, लेकिन खून बहने से वहीं गिर पड़ा। उसके बाद बाइक सवार से लिफ्ट लेकर अस्पताल में पहुंचा। जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए, जिनमें एक बैग और मोबाइल बरामद हुआ है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों में कई संदिग्ध युवक कार में सवार होकर जाते दिखाई दिए हैं। पुलिस ने मृतक के पिता सत्यनारायण के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस संदिग्ध युवकों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आसपास के इलाकों की छानबीन कर रही है।



**तीन बहनों का इकलौता भाई था , आज होगा पोस्टमार्टम**

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ** — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

# प्रतिबंधित दवाई ट्रामाडोल के 720 कैप्सूलों के साथ महिला गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव बलौली से प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की तस्करी में लिप्त महिला को गिरफ्तार किया है। टीम ने उसके पास से प्रतिबंधित ट्रामाडोल 720 कैप्सूल बरामद किए हैं। आरोपी महिला को 2022 में भी प्रतिबंधित दवाइयों के साथ गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल महिला जमानत पर है। सेल इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के निर्देश पर नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। टीम में इंस्पेक्टर सतीश कुमार, एएसआई मंजीत, नवीन, रविंदर, ललित व जयपाल मराठा को शामिल किया गया है। टीम को सूचना मिली थी कि बलौली गांव में एक महिला प्रतिबंधित दवाइयों की सप्लाई का काम कर रही है। पुलिस ने गांव में दबिश दी और महिला सुनीता को काबू कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट डीएसपी बिलासपुर के सामने तलाशी ली गई। जांच में महिला के पास से प्रतिबंधित ट्रामाडोल दवाई के 720 कैप्सूल बरामद हुए। पुलिस ने तुरंत ड्रग कंट्रोलर विभाग को भी मौके पर बुलाया।

### जमानत पर छुटकर आई थी बाहर



जांच कर रहे सेल के प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि आरोपी महिला के खिलाफ वर्ष 2022 में भी इसी प्रकार का केस दर्ज किया गया था। जिसमें वह जमानत पर थी। अब दोबारा पुलिस ने उसके खिलाफ नया मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है।

**बिटकॉइन ट्रेडिंग फ्रॉड केस**

### राजस्थान के युवक को साइबर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** साइबर अपराधों पर शिकंजा कसते हुए थाना साइबर फतेहाबाद पुलिस ने ऑनलाइन बिटकॉइन ट्रेडिंग फ्रॉड के मामले में अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संजय कुमार मीणा पुत्र मेघराज मीणा निवासी जस्ताना, जिला सवाई माधोपुर, राजस्थान के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 5 हजार की नकदी बरामद हुई है। मामले में अन्य आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। साइबर फतेहाबाद प्रभारी, निरीक्षक राहुल ने बताया कि 5 जून को सरोज रानी पत्नी कश्मीरी लाल निवासी गदली, जिला फतेहाबाद ने साइबर पोर्टल पर ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई थी। उन्हें टेलीग्राम ऐप पर बिटकॉइन ट्रेडिंग में मोटे लाभ का लालच देकर, अलग-अलग ट्रांजैक्शनों से कुल 1 लाख 23 हजार 440 की राशि ठगी गई। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर सह आरोपी संजय कुमार मीणा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नकदी बरामद की गई।

**भारत सरकार**
**पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण**
प्लांट अथॉरिटी भवन, देव प्रकाश शास्त्री मार्ग,
टोडापुर गाँव के सामने, नई दिल्ली 110012
PPVFRA

**पादप आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण हेतु आवेदन आमंत्रण एवं वित्तपोषण**

राष्ट्रीय जीन निधि से (i) पादप आनुवंशिक संसाधनों के स्वस्थाने (in-situ) और वाह्यस्थाने (ex-situ) संरक्षण और (ii) ऐसे संरक्षण एवं सतत उपयोग हेतु पंचायत की क्षमता को सुदृढ़ करने हेतु वित्तीय सहायता हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। सामान्य दिशानिर्देशों के साथ आवेदन निर्धारित प्रारूप पर पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण की वेबसाइट https://plantauthority.gov.in पर उपलब्ध है। सभी सम्बन्धित दस्तावेजों के साथ विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र अंतिम तिथि से पहले निम्नलिखित पते पर प्रेषित किया जाना है। **अंतिम तिथिः विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से तीन माह तक**

(उमाकान्त दुबे)
उप रजिस्ट्रार एवं प्रभारी प्रशासन
पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, प्लांट अथॉरिटी भवन, देव प्रकाश शास्त्री मार्ग, टोडापुर गाँव के सामने, नई दिल्ली 110 012. दूरभाष: 011-25841532
CBC 01146/12/0006/2526

## शब्द पहेली - 6009



**बाएँ से दाए**
1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

**शब्द पहेली- 6008 का हल**

